







# आज उड़ेगा रंग और खेलेंगे होली, हुड़दंगियों पर पुलिस की नजर

## शहर में बनाए गए 10 चेकिंग प्वाइंट, हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कार्यवाही, बाजार में दिन भर रही भीड़





**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, जिले भर में रंगों का त्यौहार होली को लेकर खुशी है, कई जगह मध्य रात्रि होलिका दहन किया गया तो वही कई स्थानों पर मंगलवार की देर रात होलिका दहन किया गया. अब बुधवार को जिले भर में रंग खेला जायेगा. इस बार दो दिन होलिका दहन हुआ और सोमवार को कही भी रंग नही खेला गया.**

बुधवार को धूमधाम से होली मनाई जाएगी. बाजार में दिन भर भीड़ रही लोग खरीददारी के लिये दुकानो में नजर आये. एक ओर जहा रंग गुलाल की जमकर बिक्री हुई वही दूसरी तरफ मिठाई और पकवानो की भी जमकर बिक्री हुई. होली पर हुडदंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी. एक दिन पूर्व शाम को पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया और लोगो से भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की गई.सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है गली चौराहो में पुलिस तैनात रहेगी. 26 दल बनाये गये है जो लगातार गश्त करेगे और शहर के प्रवेश एवं निकास द्वार पर पुलिस का पहरा रहेगा. दस प्रमुख चौराहो पर चेकिंग प्वाइंट बनाये गये है, ग्रामीण क्षेत्रो में सुरक्षा को लेकर अलग व्यवस्था की गई है. अगर कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करता है तो उसे हिरासत में लिया जायेगा. किसी भी स्थित से निपटने के लिये पुलिस तत्पर है. नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही होगी.

### आज मदिरा की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने 4 मार्च होली के दिन मदिरा की बिक्री खरीदने, भण्डारण और परिवहन पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं. इस दिन जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा गोदाम बंद रहेंगे. यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्तशक्तियों का प्रयोग करते हुए होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से जारी किया गया है. कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक तथा सहायक आयुक्त आबकारी को प्रतिबंध का कठोरता से पालन कराने के निर्देश दिए हैं.

### आज बंटेगा आटिका महाप्रसाद

भगवान जगन्नाथ स्वामी को धुरेड़ी के दिन आटिका का प्रसाद चढ़ेगा. महाप्रसाद के नाम से प्रचलित इस प्रसाद में कढ़ी, चावल, व खीर होता है, जो होली के दिन भगवान जगन्नाथ के मंदिर में चढ़ता है. विगत 60 वर्षों से यह परम्परा आज भी निरंतर निभाई जा रही है. इसी परम्परा के अनुसार बुधवार दोपहर 1 बजे से जगन्नाथ मंदिर में महाप्रसाद चढ़ेगा और फिर विशाल भण्डारे में उसका वितरण होगा. इस प्रसाद का स्वाद लेने बड़ी आस्था, श्रद्धा और विश्वास के साथ गांव-गांव से लोग मंदिर परिसर में पहुंचते हैं. ऐसे ही, गोविंदगढ़ के त्रिदंडीमठ में भी बुधवार को भगवान व्यंकटेश को आटिका प्रसाद अर्पित करने के बाद भक्तों को वितरित किया जाएगा.

# शराब के नशे में हुए विवाद के बाद जेसीबी चालक की हत्या

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, रीवा जिले के अतरैला थाना क्षेत्र (पटेहरा चौकी) में एक युवक की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है. शराब के नशे में हुए विवाद के बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया और इसे सड़क हादसा साबित करने के लिए शव के ऊपर जेसीबी मशीन चढ़ा दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है.**

मृतक की पहचान पटेहरा निवासी 18 वर्षीय दुर्गेश कोल पिता पप्पू कोल के रूप में हुई है, जो पेशे से एक जेसीबी चालक था. जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात तलरी पोखरी के पास दुर्गेश का कुछ लोगों के साथ शराब के नशे में विवाद हो गया था. यह कहासुनी देखते ही देखते इतनी ज्यादा बढ़ गई कि आरोपियों ने उसकी बेरहमी से हत्या कर दी. इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. हत्या के बाद आरोपियों ने खुद को बचाने के लिए पुलिस को गुमराह करने की एक खौफनाक साजिश रची. सूत्रों के मुताबिक दुर्गेश के शव को घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर ले गए और उसके ऊपर जेसीबी मशीन चढ़ा दी, ताकि देखने में यह पूरी तरह से एक सड़क दुर्घटना लगे. इसके बाद पुलिस को भी सड़क हादसे की ही फर्जी सूचना दी गई, ताकि प्रारंभिक जांच को भटकाया जा सके.

घटना की असलियत सामने आने पर एसडीओपी डभौरा नारायण कुम्हारे और थाना प्रभारी विजय सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा भेज दिया है.

### फाग गाने निकले युवक की हत्या

पनवार थाना अन्तर्गत सोमवार की रात छतैनी निवासी प्रिंस उर्फ छोटू घर से फाग गाने के लिये निकला था. लेकिन रात में ही किसी बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया. सुबह शव मिलने के बाद हडकम्प मच गया. फिलहाल मौके पर पहुंची पनवार पुलिस ने परिजनो के संदेह पर कुछ लोगो को हिरासत में लिया है. बताया जा रहा है कि मृतक के साथियों ने ही उसे पीट कर मौत के घाट उतारा है. परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है फिलहाल मामले की जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जायेगा. संदेहियों से पुलिस पूंछताछ कर रही है.

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 तक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है.**

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक होगा. किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं. इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं. सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें. पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी. स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है. किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं. जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके. किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी दें.

# महिला दिवस पर होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, रीवा जिले में 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाएगा. खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विश्व महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है.**

इस संबंध में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि 8 मार्च को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में सुबह 10 बजे से महिलाओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताएं आरंभ होंगी. सुबह 10 बजे से 100 मीटर तथा 400 मीटर की दौड़ का आयोजन किया जा रहा है. इसमें 13 वर्ष से कम आयु, 13 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग एवं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकेंगी. इनके लिए आयु वर्ग अनुसार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं.

## संक्षिप्त



### गुढ़ में निकाला गया फ्लैग मार्च

**गुढ़,** आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीएम सुधाकर सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया. सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम के साथ तहसीलदार अरुण यादव, थाना प्रभारी शैल यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल, सुरक्षा समिति के सदस्य एवं कोटवार उपस्थित रहे, जो प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है. फ्लैग मार्च की शुरुआत थाने से की गई. फ्लैग मार्च गुढ़ मुख्य बाजार से गांधी चौक, पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कष्टहर नाथ गेट से सब्जी मंडी होते हुए बस स्टैंड में समाप्त किया गया. इसके बाद महसांव बाजार का भी भ्रमण किया गया. इस दौरान एसडीएम सुधाकर सिंह, तहसीलदार अरुण यादव एवं थाना प्रभारी शैल यादव ने आम लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाने की अपील की.

### 15 के बाद आवेदन नहीं होंगे स्वीकार

**रीवा,** शासन द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक तथा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जाती है. छात्रवृत्ति संबंधी समस्त कार्यवाहियाँ एमपीटास पोर्टल के माध्यम से की जाती हैं. इस संबंध में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग केके पाण्डेय ने बताया है कि पोस्ट मैट्रिक तथा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 तथा वर्ष 2024-25 के शेष आवेदन पत्र सभी प्राचार्य तथा नोडल अधिकारी 15 मार्च तक दर्ज करा दें. शासन के निर्देशों के अनुसार 15 मार्च 2026 के बाद एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे. सभी प्राचार्य और छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी 15 मार्च तक लंबित आवेदन पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करा दें. निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र दर्ज न कराने पर संबंधित प्राचार्य और संस्था प्रमुख को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माना जाएगा.

### सीधी जिले की समीक्षा बैठक 12 को

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद आगामी 12 मार्च को सीधी जिले की समीक्षा करेंगे. कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही कलेक्टर्स, कमिश्नर कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन, ईआफिस, पेंशन प्रकरण, किये गये. पीपीओ के विरूद्ध भुगतान आदि की समीक्षा की जायेगी. बैठक में सीधी जिले के विभागीय जिला अधिकारी एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### कमिश्नर 13 को करेंगे सिंगरौली जिले की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 13 मार्च को सिंगरौली जिले में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे. सिंगरौली कलेक्ट्रेट में दोपहर 12 बजे से आहूत बैठक में कमिश्नर द्वारा कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं, संकल्प से समाधान अभियान सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ई आफिस, पेंशन प्रकरण, जारी पीपीओ के विरूद्ध भुगतान आदि की समीक्षा की जायेगी. बैठक में सिंगरौली जिले के विभाग प्रमुख एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 16 तक आमंत्रित

**रीवा,** लेखा प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं. आवेदन पत्र 16 मार्च तक लेखा प्रशिक्षण शाला में दो प्रतियों में स्वीकार किये जायेंगे. प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र आयोजित होगा.

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने निर्वाचन की जिम्मेदारी के लिए टीम गठित की

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, जिला अधिवक्ता संघ की वर्तमान कार्यकारिणी भंग कर दी गई है. नए सिरे से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी और सहायकों की टीम भी गठित कर दी गई है.**





इस संबंध में में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पांडेय ने बताया कि कार्यकाल दो वर्ष का पूरा होने जा रहा है, साथ ही आगामी तीन महीने तक राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव की प्रक्रिया चलेगी. इस कारण समय से पहले ही रीवा के अधिवक्ता संघ का नया चुनाव कराया जाएगा, यह प्रक्रिया मार्च महीने के भीतर ही पूरी करनी होगी. सूर्यनारायण पांडेय को मुख्य निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. सहयोग के लिए मो. आबिद खान, राजेन्द्र सिंह पटेल, अनिल श्रीवास्तव, मार्कंडेय सिंह, रेवाशंकर अवस्थी, कमलेन्द्र पांडेय आदि को शामिल किया गया है. निर्वाचन टीम को कहा गया है कि राज्य अधिवक्ता परिष परिषद द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र के आधार पर ही मतदान का अवसर दिया जाए. अध्यक्ष पांडेय ने बताया कि पिछले वर्षों में संघ की आय 19.34 लाख रुपए हुई. जिसमें कर्मचारियों को दो 6.47 लाख का भुगतान, चिकित्सा सहायता में 62 लोगों को 2.67 लाख, स्टेशनरी एवं अन्य खर्च के 4.38 लाख आदि मिलाकर 18.06 लाख खर्च हुए हैं. शेष राशि के साथ ही पूर्व का चार लाख रुपए जमा है. पांडेय ने बताया कि दस लाख की एफडी भी संघ की जमा है. उन्होंने बताया कि 6500 रुपए जमा कराकर 993 लोगों को नए परिसर में कुर्सी टेबल वितरित किए गए. चेंबर के लिए 71 लोगों से ढाई लाख रुपए जमा कराए गए थे, कोर्ट के निर्देश के बाद 53 लोगों के पैसे वापस किए जा चुके हैं. पांडेय ने बताया कि नए परिसर में अधिवक्ताओं की सुविधाओं को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. जो भी सुझाव आ रहे है उस पर विचार किया जाता है.

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का करें निराकरण : प्रतिभा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी एसडीएम होली त्योहार को देखते हुए कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करें.**

अपने अनुभाग की प्रमुख बस्तियों में फ्लैग मार्च निकालें. असामाजिक तथा उपद्रवी तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें. होली जलाने के लिए निर्धारित सार्वजनिक स्थलों का दौरा करके कानून व्यवस्था की निगरानी करें. परंपरागत रूप से तय स्थानों पर ही होली जलाने की समझाइश दें. आमजनता को होलिका दहन के लिए गोकाष्ठ के उपयोग के लिए प्रेरित करें. वृक्षों की रक्षा करने के लिए होलिका दहन में गोकाष्ठ का उपयोग किया जाए. त्यौहार के दौरान उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कठोरता से कार्यवाही करें. कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में बैठक लेकर संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें. सभी कार्यालय प्रमुख भी उनके विभाग से जुड़े आवेदन जनपद पंचायत से प्राप्त करके उनका निराकरण कराएं. सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं. सभी अधिकारी 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराएं. एसडीएम और तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सहकारिता विभाग, पीएचई, श्रम विभाग तथा शिक्षा विभाग में भी बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं. इनके निराकरण के विशेष प्रयास करें. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर मौजूद रहे.

# सात शराब समूहों की लगी बोली लेकिन 3 के नहीं आए खरीददार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, शराब दुकानों की नीलामी सोमवार से शुरू हो गई. पहले चरण और पहले दिन रीवा और मऊगंज की 7 शराब समूहों की बोली लगाई गई.**

इन समूहों में सिर्फ 4 को ही ठेकेदार मिले, 3 के लिए कोई बोली लगाने पहुंचा ही नहीं. फिलहाल किस ठेकेदार ने कितनी बोली लगाई, इसका खुलासा नहीं हो पाया है. आपको बता दें कि इस बार मप्र ने नई आबकारी नीति में शराब दुकानों को रिन्युअल करने से इंकार कर दिया. सभी शराब दुकानों की नए सिरे से आरक्षित मूल्य में 20 फीसदी की दर बढ़ाकर नीलाम करने का फैसला लिया. इसकी शुरुआत सोमवार से शुरू हो गई है. पहले चरण में सोमवार को रीवा की 5 और मऊगंज की 2 दुकानों नीलामी के लिए लाई गई. इन शराब समूहों के लिए आरक्षित मूल्य पहले से ही तय कर दिया गया था. आरक्षित मूल्य से ऊपर की बोली लगाने वाले को ही दुकानें आवंटित की जानी है. बोली की प्रक्रिया खत्म हो गई, ठेकेदारों ने बढ़चकर बोली लगाई लेकिन 3 समूहों के लिए कोई भी नहीं आया. सिर्फ 4 दुकानों को ही खरीददार मिले हैं. अब किस ठेकेदार ने कितनी बोली लगाई, इसका खुलासा अभी होना बाकी है.

### किस दुकान का कितना मूल्य

सोमवार को शराब दुकानों के टेंडर में इटौरा, सिरमौर चौराहा, सेमरिया, गुढ़ और ट्रांसपोर्ट नगर की शराब समूह को रीवा से रखा गया. वहीं मऊगंज से मऊगंज और नईगढ़ी समूह का टेंडर ओपन किया गया. ट्रांसपोर्ट नगर का बेस प्राइज 51.11 करोड़ है. इसमें सिंगल टेंडर आया. इटौरा का बेस प्राइज 36.32 करोड़ है. इसमें 2 ठेकेदारों ने बोली लगाई. इसी तरह मऊगंज के लिए 18.44 करोड़ बेस प्राइज है, 2 ठेकेदार आए थे. नईगढ़ी का बेस प्राइज 14.59 करोड़ है, इसमें भी 2 ठेकेदारों ने बोली लगाई. इसके अलावा सिरमौर चौराहा का बेस प्राइज 59.58 करोड़, सेमरिया का 28.98 करोड़ और गुढ़ का 19.64 करोड़ है. इनमें कोई भी ठेकेदार नहीं आया. अब अगली नीलामी 5 मार्च को अन्य समूहों की होगी.

# होली में केन्द्रीय जेल की सुरक्षा हाई अलर्ट पर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, होली पर केंद्रीय जेल की सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर कर दिया गया है. एक सप्ताह के लिए जेल के कर्मचारियों और अधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है.**

होली दहन के दूसरे दिन बुधवार को जिले भर में रंग खेला जाएगा. ऐसे मे केन्द्रीय जेल में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है. होली पर जेल के अंदर के हिस्से के साथ-साथ चहारदीवारी के बाहर भी सशस्त्र बल की तैनाती की गई है. बताया गया है कि एक सप्ताह तक जेल में रात में एक नाइट ऑफीसर की ड्यूटी लगाई गई है.

होली पर सीसीटीवी कैमरे से जेल के अंदर की सारी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी. केंद्रीय जेल के अंदर - अष्टकोण में भी 24 घंटे एक अधिकारी को तैनात किया गया है. होली पर लोग जेल के अंदर आपत्तिजनक सामग्री न फेक सकें, इसके लिए जेल के बाहर चारों ओर दिन में भी जेल कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है. जिले के अंदर आने जाने वाले कर्मियों की भी तलाशी लीजाएगी. केन्द्रीय जेल के अधीक्षक सतीश उपाध्याय ने बताया कि होली पर जेल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है चारो तरफ नजर है ताकि किसी तरहकी गड़बड़ी न हो. होली पर कैदियों को सामान्य दिनों की तुलना में अलग भोजन दिया जाएगा. होली पर कैदियों को पूरी, सब्जी के साथ खाने में मीठा भी दिया जाएगा. गौरतलब है कि दीपावली पर भी कैदियों को सुरुचि भोजन देने का प्रावधान है.

### रिमही लोक होली 7 को

**रीवा, 3 मार्च,** होली रंग उत्सव पर्व के मौके पर हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार द्वारा शहर के ऐतिहासिक पदमधर पार्क में 7 मार्च को रिमही लोक होली कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. उक्त जानकारी हिंदू उत्सव समय धर्म परिवार के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में बघेली फाग प्रतियोगिता नित्य गायन के साथ ब्रिज की होली व फूलों की होली शामिल है उक्त कार्यक्रम हिंदू स्वतंत्र धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा.

# सूतक लगने के साथ बंद हो गए मंदिरों के पट, ग्रहण समाप्त होने पर खुले पट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 मार्च, आज साल 2026 का पहला चंद्र ग्रहण लगा. हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण को सिर्फ खगोलीय घटना नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है.**



चन्द्र ग्रहण के समय मंदिरो के पट बंद रहे और ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान के बाद भगवान का पट खोला गया और विधि विधान से पूजा अर्चना की गई. लोगो ने भी ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान आदि किया. जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है.

इस दौरान चंद्रमा का रंग हल्का लाल या तांबे जैसा दिखाई देता है, इसलिए इसे 'ब्लड मून' भी कहा जाता है. चन्द्र ग्रहण के समय सभी मंदिरो के पट बंद रहे. मनकामेश्वर मंदिर कोठी कम्पाउण्ड, महामृत्युंजय मंदिर किला, चिरहुला हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिरो के पट बंद रहे. ग्रहण समाप्ति के बाद सफाई आदि के पश्चात पट खोले गये. चन्द्र ग्रहण भारतीय समयनुसार 3.20 मिनट से शुरू हुआ और 6.32 मिनट तक रहा. धार्मिक मान्यता के अनुसार, चंद्र ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों और व्यक्तियों पर पड़ता है. ग्रहण के समय मंत्र जाप और भगवान का स्मरण करना शुभ माना जाता है, जबकि खाना बनाना, भोजन करना और शुभ कार्य शुरू करना वर्जित बताया गया है.

ग्रहण से पहले सूतक काल भी लगता है, जिसे अशुभ समय माना जाता है. सूतक काल में विशेष सावधानी बरतने और भगवान का नाम लेने की सलाह दी जाती है.साल का पहला चंद्र ग्रहण जहां पूरे देश में देखा गया. रीवा में भी चन्द्र ग्रहण की झलक देखने को मिली.